केस स्टडी- 2 (फरवरी-2024)

जारी तिथि : 12.02.24

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 09.02.24 को दक्षिण मध्य रेल के गुंतकल (GTL) स्टेशन से ट्रेन क्र. 12976 DN, लोको क्र. 39158/KJM के साथ स्टार्ट हुई। अगला स्टेशन तिम्मनचेर्ला (TIM) का होम सिग्नल On Approach एक पीला मिला। जिसे देखकर लोको पायलट ने गाड़ी की गति लगभग 60Kmph तक बढ़ा दी। कर्मीदल भूल गया कि वह होम सिग्नल को एक पीला की स्थिति में पार करके आया है। कर्मीदल को जब मेन लाइन स्टार्टर लाल दिखा तो आपातकालीन ब्रेक लगाया परंतु गाड़ी मेन लाइन स्टार्टर को ऑन स्थिति में 52 Kmph गति से पार करके 140 मीटर आगे जाकर खड़ी हुई। (समय : 09.12 बजे, ग्रेडिएंट: 1:136 डाउन, कर्व: 1.5^0, मौसम : साफ)

संभावित कारण:-

- ✓ कर्मीदल को सतर्कता आदेश को लेकर कुछ संशय हो रहा था, इस बात को लेकर दोनों आपस में चर्चा करने में लग जाना।
- ✓ लोको पायलट को होम सिग्नल एक पीला मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, इसका पालन न करते हुए गाड़ी की गति नियंत्रित न करना।
- ✓ लोको पायलट द्वारा एक पीला संकेत मिलने पर गाड़ी की गति नियम से अधिक बढ़ा देना।
- ✓ लोको पायलट द्वारा ट्रेन में ब्रेक देर से एप्लाई करना।
- ✓ कर्मीदल द्वारा स्टार्टर सिग्नल के संकेत को देखे बिना गाड़ी की गति बढ़ा देना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ कर्मीदल को सतर्कता आदेश मिलने के उपरांत अच्छी तरह से देख / समझ लेना चाहिए, यदि किसी भी प्रकार का संशय हो तो उसका निराकरण अवश्य कर लें।
- ✓ गाड़ी प्रस्थान करते समय, सिग्नल के नजदीक पहुँचते समय कर्मीदल को अन्य किसी गतिविधियों में अपने को लिप्त नहीं रहना चाहिए।
- ✓ एक पीला सिग्नल दिखाई देने पर कर्मीदल को अन्य किसी गतिविधियों में अपने को लिप्त नहीं रहना चाहिए।
- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ हाथ के इशारे से सिग्नल को ज़ोर से पुकारें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत RS वाल्व खोल देना चाहिए।

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।